<u>शैक्षणिक सत्र 2020-21 में प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु अभ्यर्थियो के लिए आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश</u>

1. शैक्षणिक सत्र 2020-21 में प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र को भरने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mjpruonline.in** पर UG/PG registration के लिंक पर क्लिक करें ।

2. आवेदन पत्र भरने के पूर्व अभ्यर्थी के पास उनके कक्षा दसवीं अंक पत्र के साथ हालिया लिया हुआ पासपोर्ट साइज का फोटो और हस्ताक्षर scanned होना आवश्यक है ।

3. अगर आप उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं और आपने इंटर की परीक्षा यू.पी. बोर्ड से उत्तीर्ण की है तो मूल निवास प्रमाण पत्र भरने की बाध्यता नहीं है | किसी अन्य बोर्ड / प्रांत द्वारा इंटर परीक्षा उत्तीर्ण होने की स्थिति में यदि उत्तर प्रदेश में निवास प्रदर्शित किया हो तो,प्रवेश प्रक्रिया के समय मूल निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है |

4. सत्र 2020-21 में स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु वर्ष 2020,2019,2018 एवं 2017 के उत्तीर्ण छात्र ही पात्र होंगे ।

5. प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन, आवेदित कॉलेज या पाठ्यक्रम / विषय में प्रवेश का आश्वासन नही देता, आपकी वरीयता क्रमांक एवं विषयों में सीटों की उपलब्धता के आधार पर ही प्रवेश दिए जायेंगे ।

6. अन्य किसी भी तरह के भारांक (वेटेज) का लाभ लेने के लिए सम्बंधित प्रमाण पत्र होना आवश्यक है, प्रवेश के समय प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही कर पाने की स्थिति में आपको भारांक सम्बन्धी लाभ नहीं मिलेगा ।

7. अभ्यर्थी अपने पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र को स्वयं भरें अथवा साइबर कैफ़े से भरवाने की स्थिति मे स्वयं वहां उपस्थित रहें । आवेदन पत्र में किसी भी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

8. UG registration के लिंक पर क्लिक करने के पश्चात बारहवीं कक्षा के बोर्ड तथा वर्ष का सही चयन करते हुए अपना रोल नंबर डाले ।

9.सही भरने के पश्चात आपको आवेदन पत्र प्राप्त होगा |

10. आवेदन पत्र में मांगी गई सूचनाओं को ध्यान पूर्वक भरें । जन्म तिथि, लिंग,धर्म,मूल निवास,आरक्षण के विवरण की जांच अपने कक्षा दसवीं के अंक पत्र एवं प्रमाण पत्रों से अवश्य कर लें । आपके द्वारा दी गयी सूचना गलत पाए जाने पर आपका आवेदन रद्द किया जा सकता है ।

11. आपके द्वारा भरे गए संपर्क विवरण यथा आपका स्थायी एवं पत्राचार का पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल एड्रेस सही होना चाहिए । छात्र को अपना या अपने घर के किसी सदस्य के ही मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भरना है । प्रवेश से सम्बंधित सारी सूचनायें मोबाइल एवं ईमेल पर ही प्रेषित की जाएँगी । गलत मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी देने की स्थिति में छात्र स्वयं प्रेषित सूचना से वंचित हो जायेंगे एवं आपके प्रवेश में कठिनाई आ सकती हैं । छात्र अपना पंजीकरण फॉर्म अपने सामने भरे एवं साइबर कैफ़े का मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी कदापि इस्तेमाल ना करें । एक मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी पर केवल एक नामांकन पंजीयन फॉर्म हीं भरे जा सकते हैं ।

12. आवेदन पत्र के विशिष्ट पहचान सेक्शन में अभ्यर्थी अपने दसवीं कक्षा के अंक पत्र का क्रमांक, अपना अनुक्रमांक, परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष एवं आधार कार्ड का नंबर ध्यान पूर्वक भरें । इनका उपयोग योग्यता की वरीयता सूची में होता है गलत सूचना आपकी वरीयता सूची को प्रभावित कर सकती है । आधार के अंतर्गत पंजीकृत होना वांछित है, अगर अभी आधार संख्या नही प्राप्त हुई हो तो आधार नामांकन संख्या प्राप्त करने का प्रयास करें ।

13. अगले चरण में Educational Qualifications में आपके कक्षा दसवीं से सम्बंधित सूचनाए माँगी गई है । सूचना भरते वक़्त अपने अंक पत्र से अवश्य जाँच लें। इनका उपयोग योग्यता की वरीयता सूची में होता है, गलत सूचना आपकी वरीयता सूची को प्रभावित कर सकती है ।

14. अगले चरण Photo / Document Upload के माध्यम से आप अपनी Scanned की गई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर को अपलोड कर सकते हैं, बिना इनके अपलोड हुए आपका आवेदन पूर्ण नही होगा ।

15. कोई भी त्रुटि होने की स्थिति में Submit Application करने से पहले आप उस पर जा कर त्रुटि को सुधार सकते हैं ।

16. आवेदन पत्र के उपरोक्त प्रविष्टियाँ भरने के पश्चात आपके द्वारा दिए गए मोबाइल एवं ईमेल आईडी पर लॉग-इन पटल का यूजर आईडी एवं पासवर्ड भेजा जाएगा । प्राप्त आईडी एवं पासवर्ड को संभाल कर रखें, उनके उपयोग से आप अपने पंजीकरण लॉग-इन पटल में प्रवेश कर सकते हैं तथा अपने आवेदन पत्र को देख सकते हैं या आवेदन अपूर्ण होने की स्थिति में अंतिम तिथि से पूर्व उसे पूरा कर सकते हैं ।

17. आवेदन पत्र के अगले चरण Application Fee Payment के माध्यम से आप आवेदन शुल्क Rs 100/- का ऑनलाइन भुगतान अपने डेबिट कार्ड , क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग से कर सकते हैं । ऑनलाइन भुगतान के अलावा कोई और विकल्प नही है । **fee payment करने के लिए आपके मोबाइल नंबर पर भेजे गए पासवर्ड की आवस्यकता होगी** । आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान सफल होने की स्थिति में ही आप अपने आवेदन को अगले चरण Submit the Application के माध्यम से पूर्णतः सबमिट कर सकते हैं । आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान असफल होने की स्थिति में आप 4 घंटे बाद पुनः कोशिश कर सकते हैं । आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान असफल होने के बावजूद आपका पैसा कट जाता है तो ऐसी स्थिति में आप अगले दिन दोपहर 2 बजे के बाद पुनः कोशिश कर सकते हैं । आपका कटा हुआ पैसा 3 से 5 दिनों के अंदर आपके खाते में वापस आ जायेगा । आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान प्राप्त नही होने की स्थिति में आपका आवेदन अपूर्ण माना जाएगा **। एक बार जमा होने के बाद fees वापिस नहीं होगी** ।

18. View Application के माध्यम से आप अपने द्वारा पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र को देख सकते हैं ।

19. Download pdf के माध्यम से आप अपना आवेदन पत्र का प्रिंट निकल सकते है

20. आवेदन प्रिंट निकलने के पश्चात College / Course माध्यम से आपको पाठ्यक्रम एवं कॉलेज के चयन का चरण दिया जायेगा। पाठ्यक्रम एवं कॉलेज चयन के पूर्व कॉलेज में उपलब्ध विषयों एवं उनके सीटों को अवश्य जाँच लें । अभ्यर्थी अपनी अर्हता के अनुसार ही पाठ्यक्रम का चयन कर पाएंगे ।

नोट -- संपूर्ण रूप से आवेदन पत्र सबमिट होने के पश्चात आवेदक को एक गोपनीय संख्या आवंटित की जाएगी जो मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से एवं लॉग -इन पटल पर दर्शायी जाएगी । यह संख्या योग्यता सूची में नाम आने के पश्चात ही सम्बंधित महाविद्यालय मे

दिखने पर वह महाविद्यालय प्रवेश सम्पुष्ट कर सकेगा । अतः इस संख्या प्रवेश से पूर्व गोपनीय रखना आवश्यक है ।

नोट -- आवेदन संपूर्ण रूप से सबमिट करने के पश्चात या कभी भी लॉग इन पटल में प्रवेश के उपरांत लॉग ऑउट करना न भूले । साइबर कैफ़े के संचालक भी इस बात का ख्याल रखें कि वो एक समय में एक हीं छात्र का आवेदन भर सकते हैं, दूसरे आवेदन के पूर्व पहले आवेदक के लॉग इन पटल से लॉग ऑउट करना आवश्यक है ।